# जीतो गॉट टैलेंट द्वारा खोजी गयी जैन प्रतिभाएं

## जीतो महिलाओं ने प्रतिभा खोजने में की कड़ी मेहनत

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

हमारे देश में प्रतिभाओं की भरमार है और राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं ने अपना लोहा भी मनवाया है। फिर भी उचित संसाधनों व मार्गदर्शन की कमी, धन की कमी, अधिकारियों की बेरुखी, स्तरहीन प्रशिक्षण तथा प्रायोजक न मिलने जैसे अनेकों कारणों से अधिकतर प्रतिभाएं या तो मन मसोसकर रह जाते है फिर भाग्य को कोसकर बैठ जाते है।

जीतो बेंगलूरु साउथ ने देश भर की जैन प्रतिभाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने व आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने की ठानी। अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने महिला विंग की क्षमताओं को भापते हुए इस प्रतिभा खोज कार्यक्रम जीतो गॉट टैलेंट की जिम्मेदारी उनको सौंपी।

महिला विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी और उनकी पूरी टीम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को बखूबी अंजाम भी दिया। एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, चित्रकारी, जादू, रेत कला, स्टेंड अप कॉमेडी अन्य कलाबाजी आदि कलाओं को इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। महिला विंग की अस्मिता व उर्मिला बरडिया ने गायन, अर्पिता लधानी व निशा टुकलिया ने नृत्य तथा नीलम सांड व नीतू जैन ने अन्य कलाओं के देशभर के प्रतिभागियों को जोड़ना प्रारंभ किया और अल्पसमय में ही सकारात्मक परिणाम मिले व 550 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवा लिया।

इस कार्य में जीतो एपेक्स निदेशकों विनोद जैन व हितेश पालरेचा का उचित मार्गदर्शन रहा। लगभग 10 राज्यों से प्राप्त प्रविष्टियों व प्रदर्शन के उनके वीडियो की जांच के तकनीकी कार्य को निधि पालरेचा ने भली भांति निभाया। निर्णायक मंडल में शामिल एकता शाही ने गायन, मेल्विन हेरी ने नृत्य, राहुल शर्मा व चन्दना कांकरिया ने 60 प्रतिभागियों का न केवल सेमी फाइनल के लिये चयन किया साथ ही उनको मंच पर अच्छे प्रदर्शन के गुर भी सिखाये और इसके लिये साउंड ग्लिट्स के सिद्धार्थ पटवा ने अपना स्टूडियो निःशुल्क उपलब्ध कराया। एपेक्स महिला विंग उपाध्यक्ष अर्चना सुराणा के निर्देशन में बेंगलूरु के एफकेसीसीआई सभागार में 60 प्रतिभागियों का सेमिफाइनल का आयोजन किया जिसमें सभी प्रतियोगियों ने शानदार प्रस्तुति दी और 10 प्रतिभागियों ने फाइनल के लिये अपना स्थान सुरक्षित किया। इस अवसर पर अर्चना सुराणा ने सेमी फाइनल तक पहुचे प्रतिभागियों से कहा कि जीत हार का न सोच कर अपनी कला में अधिक पारंगत होने का प्रयास करना चाहिये। इस दौरान बिंदु मेहता ने चींकी-मिंकी, अस्मिता व नीलम सांड ने गब्बर-सांभा तथा तरुणा मेहता व प्रिया गांधी ने हास्य कलाकार की भुमिका में संपूर्ण कार्यकारिणी ने मंच संचालन किया। जीतो गॉट टैलेंट के फाइनल का आयोजन 9 जून की रात्रि को जीतो ग्रोथ सम्मिट आयोजन के दौरान चामरा वज्रा पैलेस में जीतो एपेक्स, केकेजी जोन, जीतो बेंगलूरु पदाधिकारियों व जीतो सदस्यों तथा लगभग 2000 दर्शकों की उपस्थिति में हुआ। महिला विंग महामंत्री मोनिका पिरगल विनायकिया ने जीतो गॉट टैलेंट टीम व फाइनलिस्ट का परिचय दिया। जीतो बेंगलूरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा व महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल ने प्रतिभा खोज के इस अनोखे आयोजन के सफल आयोजन की सराहना की तथा सभी फाइनलिस्ट को बधाई दी। फाइनल में प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देख दर्शकों ने अपने दांतों तले अंगुली दबा ली। प्रतिभाओं के हुनर को परखकर विजेताओं का निर्णय रेवती कामत, चार्ल्स मा एवं सिंचन दीक्षित ने किया। उन्होंने मैसूरु के आर्यन जैन को विजेता, भीलवाड़ा के ओनिक जैन को प्रथम उपविजेता एवं अहमदाबाद की जिज्ञासा पिंचा को द्वितीय उपविजेता घोषित किया। इस कार्य में मोनिका पिरगल के साथ तरुणा मेहता व नीतू जैन ने सहयोग किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी व नकद राशि प्रदान की गई। ओनिक जैन की प्रस्तुति से भाव विभोर होकर निर्णायक रेवती कामत ने उनको गोद लेने का प्रस्ताव रख दिया। निर्णायकों का परिचय निधि पालरेचा, नीलम सांड व प्रिया गांधी ने दिया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जीतो पदाधिकारियों के साथ महिला विंग मेंटर ललिता गुलेच्छा, जोन संयोजक यश्मा जैन, एपेक्स हेल्थ एंड न्यूट्रिशन कनवेनर निशा सामर, पूर्व अध्यक्षा प्रमिला भण्डारी, मधु डोसी, अनिता पिरगल एवं पिंकी जैन तथा महिला विंग नॉर्थ की अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, महामंत्री सुमन वेदमूथा, अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। जीतो नार्थ के अध्यक्ष इन्दर चंद बोहरा, मंत्री सिद्धार्थ पटवा ने उपस्थित रह कर पूर्ण सहयोग किया। महिला विंग उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा ने जैन गॉट टैलेंट के सफर की जानकारी सुमधुर गीत द्वारा दी। जीतो महिला विंग बेंगलूरु साउथ के कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वागत नृत्य द्वारा सभी का स्वागत किया। महिला विंग साउथ की सहमंत्री नीलम ललवानी एवं संगीता पारख व कार्यकारिणी सदस्य लता बोहरा, ललिता नागोरी, नन्दा मेहता, प्रतिमा जैन, रेखा जैन, साक्षी नाहर, सपना चोपडा, संगीता मालानी, सविता पोरवल, पुष्पा गुलेच्छा, वसन्ती जैन आदि उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। बिन्दू मेहता नें मंच संचालन किया। संगीता पारेख ने आभार व्यक्त किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु ने नरेंद्र नील फाउंडेशन के 120 बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया। शाखा के सदस्यों ने बच्चों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस कार्यक्रम में मंच के सदस्यों के साथ उनके परिवारजन विशेष कर छोटे बच्चे एवं माता-पिता भी शामिल थे।



शाखा के सभी सदस्यों ने वहां पर एक प्रण लिया कि वह भोजन के महत्व को समझेंगे और भोजन को व्यर्थ न जाने देंगे। अध्यक्ष स्नेह कुमार जाजू ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने वहां के बच्चों का अध्यात्म से जुड़ाव एवं उच्च शिक्षा हासिल करके समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के जज्बे को सलाम किया। कर्नाटक प्रांत मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष गोपाल कुमार एवं कार्यक्रम के संयोजक अमित मोदी, तनुज टेकरीवाल एवं सोनू शर्मा ने आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिया। शाखा के सदस्य गौरव शर्मा, एकता खंडेलवाल, वैभव खंडेलवाल, सुविधा शर्मा, सनी जैन, सविता गर्ग एवं अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना की।

मंच का संचालन रूपाली गुप्ता ने किया। मंच के पोशक सदस्य एवं सलाहकार पंकज जलान ने सभी का धन्यवाद किया। मंच के पूर्व शाखा अध्यक्ष अंकित मोदी एवं आनंद सबके लिए कार्यक्रम के कर्नाटक प्रांत के संयोजक असित अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# बालक-बालिकाओं द्वारा स्वरचित निबंध की प्रस्तुति

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

प्रेरणा महिला साहित्यिक मंच के तत्वावधान में शाखा प्रेरणा बाल प्रतिभा मंच पर बालक-बालिकाओं द्वारा स्वरचित निबंध की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। निबंध का विषय ग्रीष्म ऋतु था। संस्थापक अध्यक्ष वीणा मेदनी के संयोजन में कार्यक्रम सार्थक रहा।

सर्वप्रथम सिवान की नन्ही कलमकार दिव्या कुमारी ने सरस्वती वंदना सुना कर माँ सरस्वती की कृपा - आशीर्वाद प्राप्त कराई। दिव्या ने गर्मी के मौसम के गुण- दोष को बखूबी दर्शाया। साथ ही दो कविता गैर विषय मजदूर को परिभाषित करते हुए उसके महत्व को बताया। उसके बाद रोटी के महत्व को जताते हुए अमीरी- गरीबी का तुलनात्मक चित्रण किया। वर्तिका गुप्ता ने ग्रीष्म ऋतु पर अपने विचार के साथ उसके पसंद नापसंद किए जाने के कारण को दर्शाया। साथ ही गैर विषय पेड़ पर कविता सुनाई जो पर्यावरण संरक्षण को दर्शाता है। प्रस्तुति के बाद सिवान के वरिष्ठ साहित्यकार मुकेश कुमार दुबे ने बच्चों के मुखातिब होकर ग्रीष्म ऋतु को विस्तार से बताया।

# बीबीएमपी के चुनाव जल्द से जल्द होंगे: शिवकुमार

## वार्ड आरक्षण सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाए जारी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि बीबीएमपी के चुनाव जल्द से जल्द होंगे। वार्ड आरक्षण सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पहले ही शुरू की जा रही हैं। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द चुनाव कराने की तैयारी कर ली गई है। बेंगलूरु को प्रशासनिक तौर पर बांटने का प्रस्ताव है। फिलहाल हमारा ध्यान जल्दी चुनाव कराने पर है। उन्होंने कहा कि कोर्ट भी बार-बार निर्देश दे रहा है। एकमुश्त भुगतान योजना के तहत संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तिथि 31 जून है। इसके बाद संपत्ति मालिक डिफॉल्टर हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्व-घोषित संपत्ति कर का भुगतान समय सीमा के भीतर किया जाता है, तो ब्याज और जुर्माने से छूट दी जाएगी। बेंगलूरु में 5,200 करोड़ रुपये की 20 लाख संपत्तियां हैं। अब तक 1,300 करोड़ आ गया है, शेष अभी भी बकाया है। बेंगलूरु में 4 लाख संपत्तियां हैं जो संपत्ति कर के दायरे में नहीं आती हैं। यदि उन्हें उचित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते हैं, तो उन्हें ए खाता या बी खाता दिया जाएगा और कर का भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक केवल 50 हजार संपत्ति मालिकों ने ही टैक्स का भुगतान किया है। विश्व पर्यावरण दिवस 14 जून को मनाया जाता है। इस समय ग्रीन बेंगलूरु के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। छात्रों को अपने संबंधित क्षेत्रों में पौधों को गोद लेने और उगाने की अनुमति है। 250 स्कूलों ने बीबीएमपी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और अब तक 52 हजार पौधे लगाए गए हैं और उनमें से 80 प्रतिशत सही हैं। नुकसान का 20 प्रतिशत दोबारा लगाया जाएगा। इस वर्ष 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता पौधारोपण के लिए उपलब्ध जगह की जानकारी दे सकती है।



बीबीएमपी क्षेत्र में पेड़ों का सर्वेक्षण किया जाएगा। बोमनहल्ली क्षेत्र के विद्यापीठ वार्ड में 4,600 पेड़ों और कात्रिगुप्पे वार्ड में 4,300 पेड़ों का सर्वेक्षण किया गया। पेड़ों की पहचान कर उन्हें गिरने से बचाने के लिए आवश्यक आकार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जड़ों को सख्त होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु में भूजल विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें खुले कुओं को फिर से भरना और झीलों को उपचारित पानी से भरना शामिल है, बीबीएमपी के तहत पार्कों को सुबह 5 बजे से शाम 8 बजे तक सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला जाएगा। फिलहाल इसे सुबह 5 बजे से 8 बजे तक और दोपहर 1.30 बजे से रात 8 बजे तक ही खुला रखा जाता था। जनता की मांग पर समय में बदलाव किया गया है।

### बेंगलूरु में फ्लेक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया

पार्क में अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ मार्शल भी गश्त करते हैं। सीसीटीवी पहले ही लगाया जा चुका है। बेंगलूरु में फ्लेक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आम जनता बीबीएमपी के टेलीफोन नंबरों पर संपर्क कर अनौपचारिक रूप से लगाए जा रहे फ्लेक्स के बारे में जानकारी दे सकती है। उन्होंने कहा कि अब से, यदि किसी क्षेत्र में फ्लेक्स पाए जाते हैं, तो संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और जुर्माना लगाया जाएगा। अवैध बिल को अदालत में चुनौती दी गई है। आदेश मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। बेंगलूरु के चार हिस्सों में कचरे से बिजली बनाने की योजना तैयार की गई है। जल्द ही टेंडर निकाला जायेगा।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। मारुति मेडिकल्स द्वारा संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत मंगलवार को कुदुर ग्राम के सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर महेंद्र मुणोत के साथ रामचंद्र, मंजेश एवं अन्य मौजूद थे।*

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र प्रवासी संघ अध्यक्ष व कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन बेंगलूरु के उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी ने मंगलवार को राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से उनके सुमेरपुर निवास पर मुलाकात कर आगामी 16 जुलाई से कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के तत्वावधान में बेंगलूरु में आयोजित होने वाले ट्रेड फेयर में आने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सेमलानी ने कैबिनेट मंत्री कुमावत से विस्तृत चर्चा की। सेमलानी ने बताया कि उक्त ट्रेड फेयर भारत का सबसे बड़ा इनरवेयर गारमेंट्स निर्माताओं का एक समूह है। जिसमें एक ही जगह इनरवेयर गारमेंट्स निर्माताओं को अपने-अपने उत्पाद दिखाने का मौका मिलता है। इस दौरान सेमलानी ने कैबिनेट मंत्री कुमावत को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया।

# अभिनेता दर्शन से पुलिस कर रही पूछताछ: गृह मंत्री



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन से पुलिस कथित हत्या के सिलसिले में पूछताछ कर रही है और वह इसमें शामिल है या नहीं, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 47 वर्षीय दर्शन को मैसूरु के एक होटल से 9 जून को शहर के कामाक्षीपाल्या इलाके में रेणुका स्वामी नामक एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था।

सूत्रों ने बताया कि कथित हत्या के बाद स्वामी का शव कामाक्षीपाल्या में एक नाले में फेंक दिया गया था। स्वामी एक फार्मेसी कंपनी में काम करते थे और चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर के रहने वाले थे। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा चित्रदुर्ग के एक व्यक्ति की बेंगलूरु में हत्या कर दी गई। उस हत्या के सिलसिले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी पूछताछ के दौरान दर्शन का नाम सामने आया है, इसलिए उन्हें पूछताछ के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, कुछ नहीं कहा जा सकता। वह (दर्शन) इसमें शामिल है या नहीं। हत्या का कारण क्या है। उसका नाम क्यों आया? ये सब बातें जांच के बाद ही पता चलेंगी। इसलिए इस समय कुछ और नहीं कहा जा सकता। आरोप है कि मृतक ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक फिल्म अभिनेत्री के खिलाफ कुछ अपमानजनक टिप्पणी की थी। एक सवाल के जवाब में परमेश्वर ने कहा उन्हें (दर्शन) मैसूरु में गिरफ्तार किया गया और बेंगलूरु लाया गया। वह पुलिस हिरासत में है और पूछताछ की जा रही है।

# मोदी ने फोन कर देवेगौड़ा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। देवेगौड़ा बीमारी के कारण तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने कहा था कि अस्वस्थता के कारण शपथ ग्रहण समारोह में भाग नहीं ले पाऊंगा। देवगौड़ा ने पत्र लिखकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए शुभकामनाएं दी थीं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने देवेगौड़ा को फोन किया और उनका हालचाल लिया। मेरे स्वास्थ्य के प्रति चिंता के लिए मैं प्रधानमंत्री का आभारी हूं। उनकी चिंता ने मुझे भावुक कर दिया है। गौड़ा ने कहा कि उन्होंने नई सरकार के प्रबंधन दृष्टिकोण और विचारों का आदान-प्रदान किया, मोदी भारत को और अधिक गौरव की ओर ले जाएं। भगवान का आशीर्वाद उन पर हमेशा बना रहे।

## मुख्यमंत्री की अधिकारियों को सलाह

# केवल प्रदर्शन ही मापदंड है, कोई अन्य रणनीति काम नहीं करेगी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

वित्त और वाणिज्यिक कर विभागों के कामकाज की समीक्षा में, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, जो वित्त विभाग का भी प्रभार संभाल रहे हैं, ने अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन करने और लक्ष्य हासिल करने की सलाह दी। सिद्धरामैया ने मंगलवार को विधान सौधा में समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों से लक्ष्य हासिल करने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा और कहा कि वे तबादलों के दौरान अधिकारियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखेंगे। उन्होंने कहा प्रभाव या किसी अन्य रणनीति का इस्तेमाल काम नहीं करेगा। अधिकारियों को चेतावनी दी कि जो अधिकारी अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहेंगे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए गंभीर है और चाहती है कि सभी अधिकारी कार्यक्रमों की सफलता के लिए काम करें। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार बसवराज रायरेड्डी, राजनीतिक सचिव के गोविंदराजू, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एल के अतीक, वित्त विभाग के सचिव पी सी जाफर और वाणिज्यिक कर विभाग की आयुक्त सी शिखा उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने विनय कुलकर्णी के खिलाफ आरोप रद्द करने से किया इनकार



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा कार्यकर्ता योगेश गौड़ा की हत्या के मामले में राज्य के पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ विशेष अदालत द्वारा दायर आरोप पत्र को रद्द करने से इनकार कर दिया है। योगेश की 2016 में धारवाड़ में हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाश खंडपीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को संशोधित करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल को कुलकर्णी के खिलाफ विशेष अदालत के आरोप पत्र में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसने निचली अदालत को निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो तीन महीने के भीतर जांच पूरी की जाए और आपराधिक मामले का निपटारा किया जाए।

# भगवद गीता, कुरान, बाइबिल की तरह है संविधान : गृह मंत्री परमेश्वर

### हर जिले में एक फायर ब्रिगेड कार्यालय

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि आदेश है कि हर जिले में एक फायर ब्रिगेड कार्यालय होना चाहिए। राज्य सरकार ने हर तालुक में एक कार्यालय खोला है।

उन्होंने कोरमंगला में आरए मुंडकुर फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज ट्रेनिंग अकादमी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री के पदक पुरस्कार समारोह और फायरमैन के निकास जुलूस में बात की। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं, होम गार्ड, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने ईमानदारी से काम किया है और राज्य के लोगों की सराहना अर्जित की है। वे खुद को ऐसे विभाग के काम में लगा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो। दुर्घटनाओं में आग



बुझाने के लिए एक हवाई सीढ़ी को अपनाया गया है जो 90 मीटर तक पानी पहुँचा सकती है। अधिकांश राज्यों में यह नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग के वाहनों के लिए पहली बार पेट्रोल कार्ड की सुविधा प्रदान की गयी है। राज्य की फायर ब्रिगेड राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित है। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई। विभाग में नवनियुक्त स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य में अनुशासन बनाये रखकर विभाग का मान बढ़ाया जाये।

कॉलेज के दिनों में मुझे एन-सीसी का प्रशिक्षण मिला। यही मुख्य कारण है कि अनुशासन मेरे जीवन में आया है। आपको जो प्रशिक्षण मिलेगा उससे न केवल कर्तव्य का पालन होगा, बल्कि दैनिक जीवन भी अनुशासित होगा।

संविधान हमारे देश का मूल ग्रंथ है। इसके बिना किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संविधान भगवत गीता, कुरान और बाइबिल की तरह है। देश में सबके लिए एक कानून है, न कोई धर्म, न कोई राजनीति। उन्होंने कहा कि आपको शपथ दिलाई गई है कि आप देश के लिए काम करेंगे और आपको इसी के लिए प्रशिक्षित किया गया है। आधुनिक दुनिया में तकनीकी रूप से बहुत सारे बदलाव देखने को मिले हैं। पचास साल पहले, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के काम करने का तरीका अलग था। अब वह बदल गया है। शहरों में बड़ी-बड़ी इमारतें बनती हैं। दुर्घटना होने पर उससे कैसे निपटना है इसका प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी उपकरणों को अपनाया जा रहा है। विभाग में उत्तरी कर्नाटक से बड़ी संख्या में लोगों की भर्ती हो रही है। यह एक सुखद विचार है। उन्होंने कहा कि इस हिस्से के लोगों को भी नियुक्ति में रुचि दिखानी चाहिए।

हमारे स्टाफ ने लगातार ऑपरेशन के माध्यम से बीजापुर के इंडी तालुक के लच्छना गांव में एक ट्यूबवेल में गिरे सात्विक नाम के बच्चे को बचाया।

### बिल्डिंग से कूदे शख्स की जान बचाई

यह सुनना आसान है कि बचाव पक्ष ने क्या किया है। लेकिन उन्होंने अपने परिवार को बिना बताए लगातार 19 घंटे तक ऑपरेशन करके बच्चे को बचा लिया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई। मैं रामेश्वर कैफे विस्फोट स्थल का निरीक्षण करने गया था। कोरमंगला के एक पब में 16 सिलेंडर वाला ब्लास्ट हुआ। उन्होंने डर के मारे बिल्डिंग से कूदे शख्स की जान बचाई। मदिकेरी में भूस्खलन में दसियों लोगों की जान चली गई। एसडीआरएफ ने बिना किसी डर के सैकड़ों लोगों की जान बचाई है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के रूप में उन्होंने करीब से देखा है कि कठिन परिस्थितियों में कर्मचारी किस प्रकार अपना कर्तव्य निभाते हैं।

# एआईडीएसओ ने नीट में कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की

### दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने का आग्रह

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने मंगलवार को मैसूरु में पुराने डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के पास प्रदर्शन किया और इस साल राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के आयोजन में कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। एआईडीएस-ओ की जिला सचिव चंद्रकला ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि 4 जून को घोषित नीट के नतीजों ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा की पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जबकि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने देश भर में हंगामे के बाद कुछ छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा करने का फैसला किया था, एआईडीएसओ ने बताया कि कुछ छात्रों को दिए गए अंक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग




(यूजीसी) की परीक्षा दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं थे। एआईडीएस-ओ ने तर्क दिया कि दिशा-निर्देशों में अतिरिक्त अंकों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, तथा अतिरिक्त या अनुग्रह अंक प्रदान करने के लिए अपनाए गए मानदंड पक्षपातपूर्ण थे।

एआईडीएसओ ने एक ही केंद्र पर नीट की परीक्षा देने वाले छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए समान अंकों को आश्चर्यजनक बताया। एआईडीएसओ ने दावा किया कि परीक्षा से पहले प्रश्न-पत्र लीक होने के आरोप थे, लेकिन इसकी जांच नहीं की गई।

एआईडीएसओ ने कहा कि नीट के परिणाम भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी के आरोपों से प्रभावित हुए हैं। राज्य स्तर पर आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में भ्रष्टाचार की शिकायतों का मुकाबला करने के लिए कुछ साल पहले अखिल भारतीय स्तर पर नीट परीक्षा शुरू की गई थी। एआईडीएसओ ने अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि भ्रष्टाचार के खतरे का समाधान परीक्षा प्रणाली में बदलाव नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार की जांच करना और दोषियों को दंडित करना है। एआईडीएसओ ने दावा किया कि पूरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'सरकार की लापरवाही और परीक्षा प्रणाली के पूर्ण व्यावसायीकरण के कारण ध्वस्त हो रही है। पीड़ित निर्दोष छात्र हैं। एआईडीएसओ ने सरकार से नीट में कथित अनियमितताओं की न्यायिक जांच करने और दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# कर्नाटक में कांग्रेस की हार का कारण शून्य विकास और गारंटी के कारण दिवालियापन: अशोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विपक्षी नेता आर. अशोक ने कहा कि कर्नाटक में हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान गारंटी के कारण शून्य विकास और दिवालियापन के कारण कांग्रेस सरकार की हार हुई। मीडिया से बात करते हुए अशोक ने कहा कि गारंटी के कारण कांग्रेस को वोट नहीं मिले। कांग्रेस सरकार दिवालिया हो चुकी है और कोई विकास नहीं हो रहा है। कांग्रेस ने वोट के लिए गारंटी लागू की।

अब वे वेतन देने के लिए कर्ज लेने की स्थिति में हैं। अशोक ने आरोप लगाया कि विधायक निधि की मांग कर रहे हैं और कंगाल (कांग्रेस) सरकार हर जगह बकाया राशि को लंबित रख रही है। बिना गारंटी के वे लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकते। भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में भाजपा विधायकों ने परियोजनाएं



स्वीकृत की थीं, स्कूल और अस्पताल बनवाए थे और सिंचाई परियोजनाएं लागू की थीं। लोग आलोचना कर रहे हैं कि कांग्रेस विधायक कोई विकास नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार ने दलितों का पैसा लूटा और विकास के मामले में शून्य हासिल किया। राज्य सरकार लोगों के लिए मर चुकी है। राज्य में भारी बारिश के कारण हुए राहत कार्यों में एक भी मंत्री शामिल नहीं दिख रहा है। अशोक ने कहा पार्टी को मंत्रियों की सीटों पर झटका लगा है। उन्हें पद खोने का डर सता रहा है। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश को अपमानजनक तरीके से हराया गया। राहुल गांधी ने उनसे पूछा था कि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी होने के बावजूद वे चुनाव कैसे हार सकते हैं।

# कन्नड़ अभिनेता दर्शन, 10 अन्य हत्या मामले में हिरासत में

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और उनके 10 से अधिक सहयोगियों को 33 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में हिरासत में लिया, जिसने दर्शन की दूसरी पत्नी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। दर्शन और उनके सहयोगियों को मंगलवार को मैसूरु में उनके फार्महाउस से हिरासत में लिया गया। बेंगलूरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि अभिनेता को हत्या मामले के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। गत रविवार को एक अज्ञात शव मिलने के बाद हत्या का मामला प्रकाश में आया। कामाक्षीपाल्या पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था और मृतक की पहचान तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के जरिए की गई। मृतक की पहचान चित्रदुर्ग के लक्ष्मी वेंकटेश्वर लेआउट निवासी रेणुकास्वामी के रूप में हुई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस सूचना के आधार पर आगे की जांच की गई और अभिनेता और उसके सहयोगियों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और जांच के हित में अतिरिक्त जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता। हत्या के मकसद के बारे में पूछे जाने पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मृतक ने दर्शन की पत्नी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी और संदेश भेजे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या दर्शन को हिरासत में लिया गया है, तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने उन्हे हिरासत में ले लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन को आगे की पूछताछ के लिए बेंगलूरु लाया जाएगा और किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेणुकास्वामी ने दर्शन की दूसरी



पत्नी के साथ तस्वीरें पोस्ट करने पर उसके बारे में ताना मारा और अपमानजनक टिप्पणी की। इससे गुस्साए दर्शन ने रेणुकास्वामी को चित्रदुर्ग से उठाकर बेंगलूरु ले आए, जहां उसे विनय नामक व्यक्ति के शेड में रखा गया और प्रताड़ित किया गया। रेणुकास्वामी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद, उनके शव को बेंगलूरु में एक अपार्टमेंट परिसर के सामने सुमनहल्ली के पास वृषभावती नहर में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि अपार्टमेंट परिसर के सुरक्षा अधिकारी ने कुत्तों को शव को नहर में घसीटते हुए देखा और रविवार को पुलिस को इसकी सूचना दी। शव की पहचान का पता लगाने के बाद, कामाक्षीपाल्या पुलिस ने उसके माता-पिता को सूचित किया। जांच के दौरान, मामले में दर्शन की कथित संलिप्तता सामने आई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दर्शन ने चित्रदुर्ग फैन एसोसिएशन के अध्यक्ष को फोन करके रेणुकास्वामी का पता लगाने और उसे बेंगलूरु लाने के लिए कहा था।

### सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से झगड़ा हुआ

पुलिस को संदेह है कि दर्शन ने रेणुकास्वामी पर हमला भी किया था। पुलिस ने बताया कि मौत का कारण सिर पर किसी हथियार से वार करना बताया जा रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है। हाल ही में दर्शन की पहली पत्नी और दूसरी पत्नी के बीच सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से झगड़ा हुआ था। पहली पत्नी ने दर्शन पर अपने परिवार को बर्बाद करने का आर-ोप लगाया था। दूसरी पत्नी ने उसके आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया था कि वह और दर्शन अब एक परिवार हैं। इस मामले ने सोशल मीडिया पर बहस और प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया था, जिसका अंत एक व्यक्ति की दुखद मौत के रूप में हुआ। दर्शन को अपनी पहली पत्नी पर हमला करने के आरोप में पहले भी जेल भेजा जा चुका है। दर्शन की हालिया रिलीज फिल्म कटेरा सुपरहिट रही थी।

## कर्नाटक के अच्छे दिन शुरू हो गए

# कारोबारी नेताओं से सलाह-मशविरा कर काम करेंगे: कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

नवनियुक्त केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि वह अगले 15 दिनों में एक विजन दस्तावेज जारी करेंगे और कारोबारियों को विश्वास में लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं। कुमारस्वामी ने सोमवार शाम को कहा कि वह अपने कैबिनेट पोर्टफोलियो से संतुष्ट हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने मुझ पर भरोसा किया है और मुझे एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो दिया है। मेरा मानना है कि देश का विकास इस विभाग पर काफी हद तक निर्भर करता है। मंत्री ने कर्नाटक की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मैं अगले 15 दिनों के भीतर इस विभाग के लिए एक विजन दस्तावेज तैयार करने की योजना बना रहा हूँ। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उनके विजन को साकार करने के लिए काम करूँगा। विनिर्माण क्षेत्र में बहुत संभावनाएँ हैं। मैं विभाग में सकारात्मक बदलाव लागू करने का प्रयास करूँगा। कुमारस्वामी ने कहा इस तरह के



महत्वपूर्ण विभाग का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है। वीएसएल सहित उद्योगों से संबंधित कई मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा मैं व्यवसाय के नेताओं से परामर्श करूँगा और मिलकर काम करूँगा। कर्नाटक के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने मुझे यह विभाग सौंपा है। कुमारस्वामी ने जोर देकर कहा कि जो लोग कहते थे कि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा (उनके पिता) के परिवार का राजनीतिक करियर खत्म हो गया है, वे अब गलत साबित हुए हैं। उन्होंने कहा हमारी पार्टी ने वापसी की है। अब, जब उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी का राजनीतिक करियर खत्म हो गया है, तो हमारी पार्टी को नई ताकत मिली है।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक भवन में भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। केंद्रीय मंत्री ने इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी और भारी उद्योग सचिव संदीप कुमार से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने सचिवों के साथ अपने विजन को साझा किया और कर्नाटक के उद्योग मंत्री के रूप में अपने अनुभव भी साझा किए। कुमारस्वामी ने कहा कि उनका ध्यान देश भर में उत्पादन बढ़ाने और रोजगार पैदा करने पर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में इस संबंध में खाका तैयार करने का निर्देश दिया है। कोलार जेडी (एस) के सांसद मल्लेश बाबू ने उद्योगों के विकास के लिए कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ) में 12,000 एकड़ अप्रयुक्त भूमि के उपयोग का प्रस्ताव दिया है।

### केंद्रीय मंत्री बनने के बाद कुमारस्वामी जेडीएस प्रदेश अध्यक्ष से होंगे मुक्त

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष पद से मुक्त हो जाएंगे क्योंकि वह केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री बन गए हैं। इससे जेडीएस विधायक दल के नेता का पद खाली हो जाएगा। जेडीएस के विधायक दल का नेता कौन बन सकता है, इस पर चर्चा शुरू हो गई है। इसके बाद जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष को बदलने की बात भी सामने आई है। विधायक दल के नेता पद के लिए एचडी रेवन्ना, जीटी देवेगौड़ा और वेंकटशिवरेड्डी जैसे



वरिष्ठ विधायकों के नाम सामने आ रहे हैं। जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निखिल कुमारस्वामी का नाम प्रस्तावित किया जा रहा है, जो युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष हैं। जेडीएस सूत्रों ने बताया कि निखिल कुमारस्वामी को प्रमोट कर प्रदेश अध्यक्ष का पद दिया जाएगा और पार्टी संगठन की जिम्मेदारी दी जाएगी। फिलहाल कुमारस्वामी केंद्रीय मंत्री हैं और विधान परिषद चुनाव में तीन उम्मीदवारों को अनुमति दी गई है। इसलिए पार्टी हलके में इस बात की चर्चा है कि प्रदेश अध्यक्ष का पद एक व्यक्ति के बजाय किसी अलग समुदाय को देना बेहतर है। प्रदेश अध्यक्ष का पद कुरुबा या लिंगायत समुदाय के लिए छोड़ना उचित है। लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी को नई ताकत मिली। कार्यकर्ता भी उत्साहित हैं। यदि अन्य समुदायों को अनुमति दी जाती है, तो पार्टी को अधिक ताकत मिलेगी। एक राय यह भी है कि सभी समुदायों को एक साथ आकर पार्टी संगठित करने में सहूलियत होगी। पूर्व मंत्री जीटी देवेगौड़ा जेडीएस कोर कमेटी के अध्यक्ष हैं। इसलिए सत्ता का वितरण किसी एक समुदाय को नहीं किया जाना चाहिए। विभिन्न समुदायों को पार्टी का दर्जा देने से अगले शहर, स्थानीय निकाय, जिला, तालुक और पंचायत चुनावों में भी आसानी होगी। अन्यथा पार्टी के अंदरूनी हलके में चर्चा है कि अन्य समुदायों की उपेक्षा हो रही है और यह विरोधियों के लिए हथियार बन सकता है।

# राजा वेणुगोपाल नाइक ने कर्नाटक में विधायक के रूप में शपथ ली

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सुरपुर विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव में निर्वाचित राजा वेणुग-ोपाल नाइक ने मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

स्पीकर यू.टी. खादर ने नाइक को पद की शपथ दिलाई, जिन्होंने उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नरसिम्हा नाइक को हराया। सुरपुर विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। राजा वेंकटप्पा नाइक की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुआ था। राजा वेणुगोपाल नाइक, राजा वेंकटप्पा नाइक के पुत्र हैं। उप-



चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के साथ 7 मई को हुआ था। राजा वेणुगोपाल नाइक को 1,14,886 वोट मिले, जबकि नरसिम्हा नाइक को 96,566 वोट मिले। जीत का अंतर 18,320 वोट था। समारोह के दौरान मंत्री शरणबसप्पा दर्शनपुर, विधायक बी.बी. चिम्मनकट्टी, अल्लामाप्रभु पाटिल, जगदेव गुट्टेदार और सांसद कुमार नाइक उपस्थित थे।

# समुद्र में डूबने से एक महिला की मौत, तीन को बचाया

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

यहां उल्लाल बीच पर पानी में खेल रही चार महिला पर्यटक लहरों में बह गईं। तीन को स्थानीय लोगों ने बचा लिया, जबकि एक डूब गई। महिलाएं आंध्र प्रदेश की रहने वाली थीं।

मृतक की पहचान परीमी रत्ना कुमारी (57) के रूप में हुई है, जो पीएल प्रसन्ना की पत्नी थीं और आंध्र प्रदेश के कोंडापुरा के सिरिलिंगापल्ली की रहने वाली थीं। चारों महिलाएं बीच पर थीं, तभी एक बड़ी लहर ने उन्हें समुद्र में खींच लिया।

स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए दौड़े और चारों महिलाओं को पानी से बाहर निकाला। रत्ना कुमारी बेहोश हो गईं और उन्हें डेरालाकाटे अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पांचों महिलाएं 6 जून को हैदराबाद से मैसूरु के लिए रवाना हुई थीं। मैसूरु में दर्शनीय स्थलों की सैर करने के बाद वे 7 जून को इनोवा कार से कोडागु पहुंचीं। 9 जून को उन्होंने सुब्रमण्य मंदिर का दौरा किया और 10 जून को उल्लाल समुद्र तट पर पहुंचने से पहले उन्होंने धर्मस्थल में भगवान मंजूनाथ के दर्शन किए।

सुझाव

# आपके शरीर में है प्रोटीन की कमी?

मानव शरीर में ऊर्जा के लिए प्रोटीन की भरपूर मात्रा की आवश्यकता होती है। इसकी कमी के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं, शरीर में प्रोटीन की कमी के लक्षणों को जानना बहुत जरूरी है।

**प्रोटीन की कमी:** प्रोटीन हमारे शरीर के लिए आवश्यक तत्व होता है, यह हमारे शरीर में कोशिकाओं का निर्माण करता है। इसकी कमी से शरीर में कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं, साथ ही शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है। प्रोटीन की कमी का पता चलने में अक्सर समय लग जाता है। जिससे हमारे शरीर को काफी नुकसान हो जाता है। यहां हम आपको इस स्लाइडशो के जरिए उन संकेतों के बारे में बता रहे हैं जो शरीर में प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा करते हैं।



**मिठाई खाने की तलब:** शरीर में प्रोटीन की कमी होते ही मिठाई खाने की तलब बढ़ जाती है। आप कितना भी मीठा खा लो, आपका मन नहीं भरता है। ये प्रोटीन की कमी का सबसे प्रमुख संकेत होता है। प्रोटीन आपके शरीर का ब्लड शुगर संतुलित रखता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है तो आपका ग्लूकोज लेवल भी असंतुलित हो जाता है। इसलिए मिठाई खाने की अधिक चाहत हो रही है तो इसे नजरअंदाज न करें।

**एकाग्रता की कमी:** एकाग्र रहने के लिए संतुलित ब्लड शुगर की जरूरत होती है। जब आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है तो ग्लूकोज का लेवल लगातार बढ़ता-घटता रहता है। आपका दिमाग सही ढंग से काम नहीं करता है। दिमाग को सही तरीके से सक्रिय रखने में कार्ब की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन प्रोटीन की कमी के चलते वे शरीर में नहीं पहुंचते हैं। जिससे दिमाग एकाग्र नहीं हो पाता।

**रिकवर होने में ज्यादा समय लगना:** टफ वर्कआउट के बाद भी मसल्स बनने में समय लगने के अलावा, चोट के ठीक होने में अगर ज्यादा समय लग रहा है तो इसका मतलब आपके शरीर में प्रोटीन की कमी है। आपका शरीर रिकवर होने में समय लेगा। सामान्य सा तर्क है, प्रोटीन आपके शरीर में नए ऊतकों का निर्माण करता है। जब प्रोटीन कम होगा तो नए टिश्यू के निर्माण में भी समय लगेगा।

**बालों का झड़ना:** प्रोटीन आपके बालों की कोशिकाओं का भी निर्माण करता है। आपके बालों की कोशिकाएं मजबूत होगी तो आपके बाल भी मजबत और चमकदार रहेंगे ।लेकिन आगर आप लगातार आपके बालों को पोषण देने वाले तत्व की अनदेखी करेंगे तो आपके सिर से बालों की डेंसिटी कम होने में समय नही लेगी।

**कमजोरी होना:** सभी जानते है कि मसल्स बनाने में प्रोटीन एक महत्वपूर्ण तत्व होता है। अगर आप भरपूर मात्रा में प्रोटीन नहीं ले रहे, तो थोड़े समय में आपकी मसल्स सिकुड़नें लग जाएगी। जिसके चलते आपको कमजोरी का अहसास होगा साथ ही आप व्यायाम भी सही तरीके से नहीं कर पाएंगे।

**लगातार बीमार होना:** प्रोटीन सिर्फ आपके मसल्स ही नहीं बनाता बल्कि आपके इम्यून सिस्टम को भी ठीक रखता है। इसलिए अन्य लोगों की तुलना में अगर आपको कोल्ड की समस्या अधिक हो सकती है। इसका कारण प्रोटीन की कमी हो सकती है। अगर आपके नाखूनों के आसपास की त्वचा निकल जाती हो तो ये भी प्रोटीन की कमी से ही होता है।

**इन बातों का ध्यान रखें:** प्रति किलोग्राम वजन के अनुपात से मनुष्य को एक ग्राम प्रोटीन की आवश्कता होती हैं अर्थात यदि वजन 50 किलो है तो नित्य 50 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। प्रोटीन शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के भोजन में मौजूद पाया जाता है। यदि दोनों को भोजन में एक साथ लिया जाए तो शरीर में प्रोटीन की प्रचुर मात्रा शामिल की जा सकती है। अगर आप शाकाहारी हैं तो डेयरी उत्पादों के जरिये।

## बुलिमिया इटिंग डिसऑर्डर

बुलिमिया वास्तव में इटिंग डिसऑर्डर है, जो धीरे-धीरे साइकॉलजिकल डिसऑर्डर बन जाता है। अगर वक्त रहते ध्यान देकर कंट्रोल न किया जाए तो यह गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। बुलिमिया से पीड़ित लोग न चाहते हुए भी खाते जाते हैं। अपने इमोशन को कंट्रोल नहीं कर पाते हैं। उनके साथ एक समस्या यह भी है कि पहले तो ज्यादा खा लेते हैं, इस वजह से वोमेटिंग कर खाना को बाहर निकालने की भी कोशिश करते हैं।





# मड थेरेपी के अनोखे स्वास्थ्य लाभ

प्राकृतिक चिकित्सा में माटी का प्रयोग कई रोगों के निवारण में प्राचीन काल से ही होता आया है। नए वैज्ञानिक शोध भी प्रमाणित करते हैं कि माटी चिकित्सा (मड थेरेपी) की शरीर को तरो ताजा करने जीवंत और उर्जावान बनाने में महत्वपूर्ण उपयोगिता होती है। चर्म रोग व सौंदर्य संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मड थेरेपी कारगर है। यह एक महत्वपूर्ण नेचुरोपैथी है। मड के प्रयोग से ही शरीर की कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

मुंहासों के इलाज में-अच्छी तरह से साफ करने वाली तथा कोमल-मड, जैसे मुलतानी मिट्टी का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पैक मुंहासों से छुटकारा पाने तथा त्वचा को प्राकृतिक चमक प्रदान करने में सहायक होता है।

पाचन में सहायक-पेट के निचले हिस्से पर मड पैक लगाने से यह पाचन में सुधार करने में मदद करता है। यह अभ्यास आंतों की गर्मी को कम करने में समर्थ सिद्ध होती है, साथ ही आंतों के क्रमाकुंचन (पेरिस्टॉसिस) आंदोलन को भी उत्तेजित करता है। इसके अलावा पेट में गैस या दर्द होने की स्थिति में राहत पाने के लिए पेट पर मड पैक लगाने की सलाह दी जाती है।

कब्ज-पेट पर मड पैक लगाने पर यह कब्ज वाली आंत के लिए एक अद्भुत प्राकृतिक उत्तेजित का काम करता है। इसलिये ही नैचुरोपेथी में भी कब्ज की समस्या से छटकारा दिलाने के लिए पेट पर मड पैक लगाया जाता है।

डायरिया और उल्टी-दस्त हो जाने पर भी मड पैक सहायक सिद्ध होता है। इस समस्या के होने पर पेट पर मड पैक लगाया जाता है। वहीं उल्टी के मामले में मड पैक को छाती पर लगाया जाता है। इसे लगाने से उलटियां बंद हो जाती हैं।

ड्राई स्किन के लिए-ड्राई स्किन और मांसपेशियों के दर्द से परेशान हैं, तो मड थेरेपी करवाएं। यह थेरेपी आपको तुरंत राहत देगी और आप फ्रेश महसूस करेंगे। इस थेरेपी से सौंदर्य में तो निखार आता ही साथ ही यह एंटी एजिंग का काम भी करती है। मड थेरेपी से रोगों को दूर करने और शारीरिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए शरीर के अलग-अलग भागों पर मिट्टी का लेप किया जाता है।

नेत्र समस्याओं के लिए-आंखों पर मड पैक लगाने से आंखों की मांसपेशियों को आराम मिलता है तथा इसे नेत्र दृष्टि वृद्धि के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा नेत्र विकृतियों जैसे नेत्रश्लेष्मलाशोथ तथा स्टाई में भी यह फायदेमंद होता है।

त्वचा समस्याओं के लिए-एजिमा जैसी त्वचा समस्याओं से मड पैक लगाकर निजात पाई जा सकती है। ऐसा मिट्टी की स्वाभाविक प्रवृत्ति, एंटी टॉसिक और ठंडा होने की वजह से होता है। ऐसे में साबुन की जगह मड से नहाने की सलाह दी जाती है।

सिर दर्द व तनाव-मड थेरेपी सिर दर्द के लिए भी एक कारगर उपचार हो सकती है, विशेषकर गर्म और आर्द्र बाहरी वातावरण के साथ जुड़े सिर दर्द के मामले में। ऐसे में मड पैक को माथे पर लागू करने की सलाह दी जाती है (और यदि जरूरत हो तो पूरे सिर पर भी)। इससे सिर की गर्मी दूर होती है और सिर दर्द और तनाव भी दूर हो जाता है।

बुखार व घाव के उपचार में-बुखार से राहत पाने के लिए मड पैक को पेट के साथ माथे पर लगाया जा सकता है। मड में एंटी-इंलेमेटरी गुण होता है, इसलिए यह घाव और निशानों के उपचार के लिए भी काफी कारगर विकल्प होता है।

सलाह

# पपीते में छिपा है सेहत का राज



**पपीते में विटामिन की मात्रा**

| | |
|---|---|
| कैल्शियम | - 5% |
| मैग्नीशियम | - 5% |
| डाइटरी फाइबर | - 6% |
| पोटेशियम | - 5% |
| विटामिन ए | -19% |
| कार्बोहाइड्रेट | - 5% |

पपीता एक टेस्टी और हेल्दी फ्रूट है। पपीता फ्रूट ही नहीं, इसका पूरा पौधा कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर है। कच्चे पपीते में विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। आयुर्वेद में पपीता को अनेक लाइलाज बीमारियों को दूर करने वाला माना गया है। पपीता पाचन संबंधी दिक्कतों को दूर करने वाला, पीलिया, हर्निया, प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाला, दिल के लिए उपयोगी और कोलेस्ट्रॉल के रोगियों के लिए यह अमृत के समान है। आज हम आपको पपीते के गुणों के बारे में बता रहे हैं।

### दिल की दिक्कत के लिए

पपीता हाई ब्लडप्रेशर के रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें कारपेन या कार्पेइनज् नामक एक क्षारीय तत्व होता है जो ब्लडप्रेशर को नियंत्रित करता है। इसी कारण हाई ब्लड प्रेशर के रोगी को एक पपीता (कच्चा) नियमित रूप से खाना चाहिए। दिल के रोगियों के लिए भी पपीता बहुत फायदेमंद होता है। अगर वे पपीते के पत्तों का काढ़ा बनाकर नियमित रूप से एक कप रोज पीते हैं तो बहुत फायदा करता है।

### पपीता के अन्य गुण

खूबसूरती बढ़ाने के के लिए भी पपीते का इस्तेमाल किया जाता है। पपीते को चेहरे पर रगडऩे से स्किन प्रॉब्लम्स दूर होते हैं। इसे लगाने से स्किन ग्लो करने लगती है, लेकिन इसके लिए हमेशा पके पपीते का ही प्रयोग करना चाहिए। अच्छे पके हुए पपीते के गूदे को उबटन की तरह चेहरे पर लगाएं। आधा घंटा लगा रहने दें। जब वह सूख जाए तो गुनगुने पानी से चेहरा धो लें तथा मूंगफली के तेल से हल्के हाथ से चेहरे पर मालिश करें। ऐसा कम से कम एक माह तक नियमित करें ।कब्ज व बावासीर जैसी समस्याओं में पपीता बहुत फायदेमंद होता है। बवासीर के रोगियों को प्रतिदिन एक पका पपीता खाना चाहिए। बवासीर के मस्सों पर कच्चे पपीते के दूध को लगाते रहने से काफी फायदा होता है।

**पपीते में गुण**

- इसमें विटामिन और पपाइन पाया जाता है। इससे त्वचा की रंगत में निखार आने के साथ ही ग्लो भी बढ़ता है।
- इसमें पाए जाने वाले मिनरल्स, विटामिन और एंजाइम्स से बाल सेहतमंद होते हैं।
- पपीते के बीज में लिवर को ठीक करने के गुण होते हैं। इन्हें भी दुनिया के कुछ भागों में खाया जाता है। इन्हें शहद के साथ या काली मिर्च के साथ पीसकर खाया जाता है।
- इसे हाइपरटेंशन की दवा के तौर पर भी यूज किया जा सकता है। इसमें पाए जाने वाले पोटेशियम के कारण यह ब्लड़ प्रेशर को नियंत्रण में रखता है।
- पपीते का अधिक सेवन कर लेने से कैरोटेनेमिया नामक बीमारी हो सकती है। इसमें हथेलियों और तलवों की त्वचा बहुत अधिक पीली हो जाती है।
- पपीते का लगातार सेवन करने वाले कुछ लोगों को बार-बार दस्त लगने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए सप्ताह में तीन दिन से ज्यादा पपीता नहीं खाएं। यदि कच्चा पपीता खा लिया जाए तो यह गले की खराश का कारण बन सकता है। वैज्ञानिक रूप से पपीते को बेर की श्रेणी वाले फलों में शामिल किया गया है। इसे फरिश्तों का फल कहा गया है।

# मानसून का आनंद आयुर्वेद के संग



गर्मी के बाद मानसून किसी त्यौहार से कम नही होता। इस मौसम में लोग अनेक तरीको से बारिश का आनंद लेते हैं। लेकिन अकसर इस बात से अनजान रहते हैं कि यह मौसम कई तरह की बीमारियों, संक्रमणों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी होता है। मौसम में आए अचानक परिवर्तन से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे कई तरह की बीमारियां हमें घेर लेती है। आयुर्वेद के अनुसार मानसून में पित्त बहुत अधिक बढ़ जाता है। और अग्नि तत्व जो हमारे शरीर को कार्यात्मक ऊर्जा प्रदान करता है तथा चयापचय और भोजन को पाचने के लिए जिम्मेदार होता है। इस दौरान कमजोर हो जाता है।

### आद्रता के स्तर बढ़ जाने से तरल पदार्थों की कमी

इस मौसम में पित्त के कारण पेट संबंधी, अपच, एसिडिटी, त्वचा संबंधित बीमारियां जैसे फोड़े- फुंसियां, एक्जिमा और बालों का झड़ना और संक्रमण जैसी सामान्य बीमारियां आम होती हैं। साथ ही वातावरण में आद्रता के स्तर के बढ़ जाने से शरीर से महत्वपूर्ण तरल पदार्थों की कमी हो जाती है। इसलिए अगर आप वास्तव में मानसून का आनंद लेना चाहते हैं, तो निम्न सुझावों का पालन करें और स्वस्थ रहें।

### ज्यादा तेल के प्रयोग से बचें

इस मौसम में पाचन क्रिया कमजोर हो जाती है इसलिए भारी तेल जैसे सरसो, मखन, मूंगफली और अन्य तेलों के स्थान पर खाना बनाने के लिए हलके तेल जैसे घी, ऑलिव ऑयल, कॉर्न ऑयल और सनफ्लावर ऑयल का उपयोग करें।

### उबली सब्जियां खाएं

मानसून में हलके और आसानी से पचने वाले खाद्य पदार्थ, पकी हुई या स्टीम सब्जियां, कद्दू, फल, मूंग दाल, खिचड़ी, कॉर्न, काबुली चने का आटा और ओटमील आदि खाएं। इसके अलावा कच्चे सलाद की जगह स्टीम सलाद लें।

### बाहर खाने से बचें

मानसून में सड़क के किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थों को न खाए। साथ ही बाहर खाना खाते समय सावधान रहें और सुनिश्चित करें कि आप जिस स्थान पर खाना खाने जा रहे हैं वह साफ सुथरा हो।

### मसालों से दूरी

में बहुत अधिक भारी, गर्म, खट्टे जैसे चटनी, अचार, मिर्ची, दही, करी आदि खाद्य पदार्थों को खाने से वाटर रिटेंशन, अपचन, एसीडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए तले हुए पदार्थ, जंक फूड, मिर्च मसालों से भरपूर मांस न खाएं। साथ ही सलाद और हरी सब्जियां भी न खाएं।

### तिल के तेल की मालिश

मानसून में हते में एक से दो बार तिल के तेल की मालिश करने से रक्त संचार ठीक रहता है, जिससे आपको स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि कुछ लोगो को तिल का तेल गर्म कर सकता है अत: ऐसे लोगो को नारियल के तेल का उपयोग करना चाहिए।

### कसैली चीजों का सेवन करें

कसैला स्वाद पित्त को निष्प्रभावित करने में मदद करता है। इसलिए कड़वी सब्जियां जैसे करेला और कड़वी जड़ी-बूटियां जैसे नीम, सूखी मेथी और हल्दी अधिक खाएं। इसके अलावा ये सब चीजें आपको संक्रमण से बचाती हैं।

### हल्की एक्सरसाइज करें

बहुत अधिक भारी एसरसाइज जैसे दौड़ना, साइकिलिंग आदि को करने से पित्त बढ़ती है। इसलिए इसे करने से बचे और इनके स्थान पर योग, वॉकिंग, स्विमिंग और स्ट्रेचिंग आदि हल्की एसरसाइज करें।

### उत्तेजित होने से बचें

क्रोध, जलन, ईर्ष्या और अहंकार जैसे गर्म भावनाओं से बचें। योंकि इन भावनाओं से पित्त में वृद्धि होती है और यह एक्जिमा, ईर्ष्या मूत्र पथ के संक्रमण का कारण हो सकता है।

# ये है ग्रीन-टी पीने का सही समय

फिट रहने के लिए कई लोग ग्रीन-टी का सेवन करते हैं। यह शरीर की फिटनेस ही नहीं सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर का मोटापा कम करने में मदद करते हैं लेकिन कुछ लोग जल्दी पतले होने की चाह में दिन में कई बार इसका सेवन कर लेते हैं जिससे शरीर को नुकसान भी हो सकता है। इससे शरीर में आयरन की कमी हो जाती है और पेट की भी कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए ग्रीन-टी सही समय और उचित मात्रा में पीएं जिससे सेहत को फायदा मिले।

**सही समय :** ग्रीन-टी से शरीर को फायदा पहुंचाने के लिए इसको सही समय पर पीना बहुत जरूरी है। भोजन करने से 1 या 2 घंटे पहले ग्रीन-टी का सेवन करें।

**खाली पेट :** ग्रीन-टी पीने से मोटापा कम होता है इसलिए कई लोग इसे खाली पेट पीना पसंद करते हैं जिससे चर्बी जल्दी कम हो लेकिन खाली पेट पीने से काफी नुकसान होता है। इसमें कैफिन होता है जिसे



खाली पेट पीने से आंतों की कई समस्याएं हो जाती हैं।

**गर्म पानी :** कुछ लोग ग्रीन-टी को आम चाय की तरह बना कर पीते हैं। इसमें दूध और शक्कर डालकर पीने से शरीर को कोई फायदा नहीं होता और न ही मोटापा कम होता है। इसके लिए हमेशा गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें।

**शहद :** जिस तरह गर्म पानी में शहद मिलाकर पीने से वजन कम होता है उसी तरह ग्रीनटी में भी शहद मिलाकर पीएं। ग्रीन-टी से पेट की पाचन शक्ति ठीक रहती है और शहद से पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। ऐसे में इन दोनों का साथ में सेवन करने से काफी फायदा होता है ।दो-तीन कप

खाने के तुरंत बाद कभी भी ग्रीन-टी का सेवन न करें। इसके अलावा दिन में कम से कम 2-3 कप ग्रीन-टी ही पीएं। इसके अधिक सेवन से लीवर को नुकसान होता है।

## मुलेठी खाने के अनोखे फायदे

हर व्यक्ति चाहता है कि वो स्वस्थ रहे लेकिन इसके लिए क्या करे, ये समझ नहीं पाता। मुलेठी एक ऐसी औषधी है जिसके प्रयोग से कई बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ग्लिसराइजिक एसिड के होने के कारण इसका स्वाद शक्कर से पचास गुना अधिक मीठा होता है। यह पेट के रोग, सांस संबंधी रोग और स्तन रोग को दूर करती है। आइे जानिए इसके फायदे।

गले की खराश : गले में खराश, सर्दी और खांसी में इसका सेवन करने से बहुत आराम मिलता है। जिन लोगों को दमा की समस्या हो उनके लिए मुलेठी फायदेमंद होती है। यह बलगम को निकालती है और खांसी से आराम मिलता है।

कैविटी : मुलेठी दांतों में कैविटी करने वाले बैक्टीरिया को रोकती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसके जड़ के पाउडर का प्रयोग करना चाहिए।

## रेसिपी



### केरला परांठा

**सामग्री**

मैदा 1 कप
नमक आधा चम्मच
अजवायन आधा चम्मच
घी 3 चम्मच
पानी 2 कप

**विधि**

मैदे को सबसे पहले छान लें, फिर उसमें नमक, अजवायन और 3 चम्मच घी डालें। अब गर्म पानी की मदद से उसे मुलायम गूंथ लें। जब आटा गुंथ जाए तब इसे गीले कपड़े से 30 मिनट के लिए ढंक कर रख दें तथा 30 मिनट बाद आटे से 3 लोइयां बना लें। एक लोई उठाएं और गोल कर के चपटा करें। सूखे मैदे की सहायता से इसे एकदम पतला बेलें। बेले गए परांठे के ऊपर एक चम्मच घी डालें और घी को चारों ओर फैला दें। परांठे को हाथों से कई बार गोल-गोल फोल्ड कर लें। फोल्ड किए गए परांठे को रोल करके गोल लोई तैयार कर लें। लोई से 7-8 इंच व्यास का परांठा बेलें। अब बेले गए परांठे को गर्म तवे पर डालें तथा दोनों ओर घी लगाकर अच्छे से ब्राऊन होने तक सेंक लें।



### खजूर की चटनी

**सामग्री**

100 ग्राम खजूर
1/2 चम्मच लाल मिर्च पावडर
1/2 चम्मच भुना जीरा पावडर
1/4 चम्मच काला नमक
नमक स्वादानुसार

**विधि**

सबसे पहले खजूर की चटनी को बनाने के लिए सभी खजूर के बीच में से गुठली निकाल दें, फिर खजूर को धोकर इसमें एक कप पानी डाल दें। उसके बाद 2 घंटे के लिए खजूर को भिगो कर रख दें। उसके बाद खजूर को 5 मिनट के लिए ब्लेंडर में बारीक पीस लें। अब इसमें लाल मिर्च पावडर, जीरा पावडर, काला और सादा नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। लीजिए खजूर की चटनी तैयार है। इसे रोटी या पराठे के साथ सर्व करें।

### मंत्रिमंडल बंटवारे के बाद सियासत, तेजस्वी बोले–

# बिहार को झुनझुना थमाया अब विशेष पैकेज का इंतजार

**पटना (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में मंत्रिमंडल बंटवारे के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है। विपक्ष के नेता कह रहे हैं फिर से मोदी 3.0 की सरकार ने बिहार को कुछ नहीं मिला। सारे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास ही रखे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार को झुनझुना थमा दिया गया है। हम बिहारव–ासी जानते हैं कि बिहार की तरक्की के बिना देश तरक्की नहीं कर सकता है।



तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार इस बार निर्णायक भूमिका में है। मोदी जी के 10 वर्ष पूर्व के वादानुसार एवं झारखंड बंटवारे के बाद सन 2002 से हमारे दल की पुरानी मांग तथा अधिकार रैलियों के माध्यम एवं अभी दो महीने पूर्व तक सीएम नीतीश जी की केंद्र सरकार से निरंतर डिमांड के मद्देनज़र बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज का हम बिहार वसियों को इंतज़ार रहेगा। वैसे मंत्रिमंडल बंटवारे में तो बिहार को झुनझुना ही थमा दिया गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार जांच जाँच एजेंसियों को निष्पक्ष रहना होगा। संसद में विपक्ष मजबूत हो गया है। अब ईंट से ईंट बजेगा। तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा कि हमलोग इसबार विधानसभा में चार गुना ज्यादा सीट जीतेंगे।

रविवार को मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं। सोमवार की शाम इन सभी के मंत्रालयों की जानकारी सार्वजनिक की गई।

पहली बार सांसद बने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय दिया गया है। कैबिनेट मंत्रियों में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज मंत्रालय के साथ मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय दिया गया है। भाजपा के बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय दिया गया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और हाजीपुर सांसद चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय दिया गया है।

जदयू कोटे से राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया है। गृह मंत्री अमित शाह के साथ रहे उजियारपुर के भाजपा सांसद नित्यानंद राय की जिम्मेदारी नहीं बदली गई है। उन्हें फिर से गृह राज्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे को कोयला और खनन मंत्रालयों का राज्यमंत्री बनाया गया है। मुजफ्फरपुर से पहली बार सांसद बने भाजपा के राजभूषण चौधरी को जल शक्ति राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

# बोलियार मस्जिद में लोगों को पाकिस्तानी कहने पर पैदा हुआ तनाव: पुलिस प्रमुख

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मेंगलूरु पुलिस प्रमुख ने कहा कि बोलियार में मस्जिद से कुछ किलोमीटर पहले स्थित एक ऑटो स्टैंड के पास भाजपा के जश्न के दौरान पाकिस्तान का जिक्र करते हुए एक भड़काऊ बयान ने तनाव पैदा कर दिया था। रविवार को भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मना रहे थे। जुलूस के दौरान, ऑटो स्टैंड के पास और मस्जिद से कुछ किलोमीटर पहले, कुछ प्रतिभागियों ने भड़काऊ नारे लगाते हुए कहा तुम लोग पाकिस्तान के हो और मोदी के आने से तुम डर गए हो। इस बयान के बाद घटना शुरू हुई। ऑटो स्टैंड के पास भड़काऊ नारे लगाने के कारण लोग मस्जिद के पास जमा हो गए। जुलूस के खत्म होने के बाद दोपहिया वाहन पर सवार कुछ लोग मस्जिद में वापस आए और उसके सामने जश्न मनाया। बाद में उनका पीछा किया गया और चाकू घोंप दिया गया। मस्जिद के अध्यक्ष ने मस्जिद के सामने भड़काऊ नारे लगाने और बाहर खड़े लोगों से गाली–गलौज करने वाले कुछ युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरोपियों को आईपीसी की धारा 143, 147, 148, 153ए, 504, 506 और 149 के तहत गिरफ्तार किया गया है। बोलियार चाकूबाजी मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था, और हाल ही में अब्बूबकर की गिरफ्तारी के बाद कुल गिरफ्तारियों की संख्या छह हो गई है। मामले की जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं।



# विजिलेंस की टीम ने एसआई को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

### केस को मैनेज करने के लिए कर रहा था डिमांड

**मुंगेर (एजेंसियां)।**

बेगूसराय में विजिलेंस विभाग की टीम ने थाना के एक एसआई को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी भगवानपुर थाना से की गई है।

विजिलेंस विभाग की टीम ने आरोपी एसआई विनीत कुमार झा को भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय से गिरफ्तार किया है। विजिलेंस विभाग के द्वारा किये गए इस करवाई से प्रखंड मुख्यालय चौक सहित पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष पवन कुमार कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

इस संबंध में भगवानपुर चौक पर उपस्थित लोगों का कहना है कि करीब आठ से दस की संख्या आये सिविल ड्रेस में एसआई विनीत कुमार झा को जबरन पकड़ कर गाड़ी में बैठा कर ले कर निकल गए।

इस क्रम में जब स्थानीय लोगों ने उनलोगों का विरोध किया तो टीम ने बताया कि हमलोग विजिलेंस टीम से हैं। रिश्वत लेते हुए इन्हें गिरफ्तार किया गया है। विजिलेंस टीम के द्वारा किये गये इस कार्रवाई के दौरान वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

इस संबंध में विजिलेंस विभाग की टीम ने बताया कि एसआई विनीत कुमार झा के द्वारा एक केस में मैनेज करने के लिए 15 हज़ार रुपए का डिमांड किया गया था। आज 15 हज़ार घूस लेते ही रंगेहाथ एसआई विनीत कुमार झा को निगरानी विभाग के द्वारा गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल निगरानी विभाग के द्वारा गिरफ्तार करने के बाद उसे अपने साथ पटना ले गये।

बताया जा रहा है कि सौरभ कुमार ने भगवानपुर थाना में एक मामला दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर एसआई विनीत कुमार झा ने 15 हज़ार रुपये की मांग की गई थी।

आज सौरभ कुमार ने निगरानी विभाग को सूचना देने के बाद 15 हज़ार रुपए लेकर केस को टू करने के लिए पहुंचे।

तभी निगरानी विभाग ने विनीत कुमार झा को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

# अचानक चकाई–देवघर हाईवे पर पलट गई कार, तीन लोगों की मौत

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार के जमुई के बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इसमें कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी पटना के रहने वाले थे। घटना चकाई–देवघर मुख्य मार्ग पर हुई। मंगलवार सुबह कार सवार सभी लोग पटना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के अंडीडीह गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर कार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।



इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना चंद्रमंडीह थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से तीनों शव को बाहर निकाला गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से परिजनों को दी गई है। कार सवार तीनों मृतक की पहचान नंदन यादव गोरिया टोली पटना, अवधेश यादव विग्रहापुर थाना जनकपुर पटना व संतोष यादव आसमा थाना निंदरगंज नवादा के रूप में हुई।

जमुई के बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत खादीग्राम निवासी डॉक्टर रामप्रसाद यादव के पुत्र पप्पु यादव के मित्र और संबंधी भी है। कार सवार युवक पटना से देवघर की ओर जा रहा था। तभी चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई–देवघर मुख्य मार्ग स्थित अंडीडीह गांव के समीप कार की गति तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिससे कार पर सवार तीनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के चारों चक्का ऊपर हो गया और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होगा। वहीं सूचना पर पहुंचे चंद्रमंडीह थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार ने जेसीबी के माध्यम से कार को सीधा कर तीनों शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक कार जो देवघर की और जा रही थी वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसपर सवार तीन युवक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही मामले की छानबीन में जुट गई है।

### रंगदारी केस पर पप्पू यादव बोले–

# मेरे खिलाफ गहरी राजनीतिक साजिश ऐसा करें नहीं तो धरने पर बैठूंगा

**पटना (एजेंसियां)।**

पूर्णिया के नवनिर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा है कि मेरे खिलाफ गहरी राजनीतिक साजिश की जा रही है। बढ़ती राजनीतिक ताकत से कुछ लोग परेशान हैं इसलिए रंगदारी का झूठा आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए। उन्होंने कहा है कि जो भी मामले में दोषी निकले उसे फांसी दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि फर्नीचर कारोबारी राजा कुमार को मैं जानता भी नहीं हूं। मैंने अपने वकील से मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की तैयारी करने को कहा है।



उन्होंने कहा कि मुझे एक बात आश्चर्य लगता है कि बिना कोई जांच के तुरंत एफआईआर कर देना। यह एक पॉलिटिकल साजिश के अलावा और क्या हो सकता है। मैंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के कोई न्यायाधीश से इसका जांच कराएं ,अगर जांच नहीं करते तो हम धरना पर बैठेंगे। कहां की मैंने एसपी साहब से चार बार कॉल कर कह दिया बिना जांच के आप किस प्रकार से ऐसे कैसे आप अपलोड कर दिए। इसके पीछे किया गहरी साजिश है। पप्पू यादव ने कहा है कि एक ऑफिसर के द्वारा विरोधियों से मिलकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही सबको बेनकाब कर दूंगा।

उन्होंने कहा कि फर्नीचर कारोबारी राजा कुमार पहले भी जीडी गोयनका के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। इन्होंने बदतमीजी की थी। दूसरा ज्योतिष नाम ने युवक ने फर्नीचर कारोबारी पर केस किया था।

जिसमें मां बहन और शर्मा समाज का नाम लेकर गाली देने का आरोप लगा था। वहीं पूर्णिया का एक बिल्डर का 70 लाख रूपया रखे हुए और उन्होंने कहा कि शायद वही भगत है जो फोरस्टर को 20 हजार रूपया देकर गिरफ्तार करवाया था। यह एक विवादित इंसान है। इसके मोबाइल की जांच की जाए कि यह किस–किस से बात करता है? और किस किस से मिलता है?

और कहां कहां बैठता है? इसके बल्ड की जांच हो। यह रोज दारू (शराब) पीकर लोगों से लड़ता है। यह मधेपुरा का रहने वाला है। दो दिन के अंदर फर्नीचर व्यवसाई पर मुकदमा दर्ज करूंगा अगर जरूरत पड़ी तो धरने पर बैठेंगे।

वहीं इस मामले पर पूर्णिया डझ उपेंद्र नाथ वर्मा ने कहा कि फर्नीचर व्यवसायी की ओर से पप्पू यादव पर रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में मुफस्सिल थाने में सांसद पप्पू यादव और अमित यादव के खिलाफ खझउ की धारा 385, 504, 506 और 34 के तहत केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में सच्चाई उजागर होने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोप झूठे पाए गए तो इस पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बता दें कि सोमवार को पूर्णिया के फर्नीचर कारोबारी द्वारा एक करोड़ की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए सांसद पप्पू यादव और अमित यादव नामक युवक के खिलाफ पूर्णिया मुफस्सिल थाने में एफआर दर्ज कराया है।

# बिहार में टला रेल हादसा, मेमू हुई बेपटरी

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में एक बार फिर एक बड़ा रेल हादसा होते होते बच गया। घटना जमुई जिला के झाझा दादपुर मुख्य रेलखंड की है, जहां सटिंग हो रहे ईएमयू गाड़ी बड़ी दुघर्टना से बाल बाल बच गई।

इस संबंध में रेलकर्मियों का कहना है कि मेमू कारशेड से रख–रखाव को लेकर सटिंग के लिए ट्रेन चालक ईएमयू गाड़ी को शेड से लेकर निकला। स्टेशन से महज एक किलोमीटर पहले खलासी मुहल्ला के पास पोल संख्या 367/32–67 के बीच मेमू ठहराव स्थल पर पहुंची। लेकिन तभी अचानक मेमू गाड़ी पटरी से आगे बढ़ गई जिसमें चालक से सटा कोच पटरी से उतरकर घर की तरफ लटक गया।



जिस जगह पर गाड़ी बेपटरी होकर लुढ़का, उस जगह पर नीचे लगभग 15 फीट गहराई पर आसपास घर बना था। ट्रेन को बेपटरी होते देख आसपास के लोग अपने घर को छोड़कर भागने लगे। गनीमत रही कि गाड़ी खाली जमीन पर ही रुक गई, जिससे आज एक बड़ी दुघर्टना होने से टल गई।

इधर मेमू गाड़ी के कोच का बेपटरी से होने की जानकारी आसपास के लोगों को लगी तो लोग हो हल्ला मचाने लगे। रेलवे लाइन से सटे एक मकान में रहने वाले युवक ने बताया कि मै अपने छत पर बैठकर गाड़ी को आते देखा और अचानक वह रेलवे लाइन से आगे होकर लटक गया। वहीं मेमू गाड़ी का सटिंग कर रहे दानापुर डिवीजन के चालक आदर्श अंतश ने बताया कि मेमू कारशेड में दो नंबर में गाड़ी थी और शेड में प्रेशर बनाकर गाड़ी को लेकर आगे बढ़ा, तभी अचानक ब्रेक फेल हो गया और गाड़ी बेपटरी हो गई। चालक ने बताया कि इसमें एक ही प्रेशर लगा हुआ था और इसका ब्रेक फैल हो गया। इधर ईएमयू गाड़ी के बेपटरी होने की खबर मेमू कारशेड के पदाधिकारी को मिली। इसके बाद शेड के पदाधिकारी एवं कर्मी मौके पर पहुंच गए और गाड़ी को उठाने के प्रयास में जुट गए।

# पटना समेत बिहार के 13 जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट

### 45 डिग्री तक जा सकता है पारा

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में गर्मी का कहर जारी है। तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पटना, जहानाबाद, अरवल, नालंदा, लखीसराय, शेखुपुरा, कैमूर, सासाराम, औरंगाबाद, नवादा, गया, भोजपुर, बक्सर में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि राज्य के दक्षिण पूर्व भागों के एक से दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना के साथ ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के उत्तर पश्चिम भाग के एक से दो स्थान पर गर्म दिन होने की संभावना बताइए है। वहीं राज्य के उत्तर पूर्वी भागों के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन तेज हवा की संभावना जताई है, जिसकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की बताई जा रही है।

मौसम विभाग का मानना है कि दक्षिण मध्य भाग के पटना, गया, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय,जहानाबाद, दक्षिण पश्चिम भाग के बक्सर ,भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल जिला की तापमान मंगलवार को 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है। दक्षिणी भागों के अधिकांश जिला में 14 जून तक हीट वेव की पूर्वानुमान बताई गई है। वहीं 15 से 16 जून के बाद मौसम के प्रबल होने की संभावना है। मौसम विभाग का यह मानना है कि सन स्ट्रोक से आम लोगों को जहां तक हो बचने का प्रयास करना चाहिए। मौसम विभाग ने बताया है कि तेज तपती धूप में बच्चों या पालतू जानवरों को गाड़ी के अंदर नहीं छोड़े। इसके साथ ही मौसम विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि बीमारी और बेहोशी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान बक्सर और भोजपुर में 45.9 डिग्री सेल्सियस जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान मोतिहारी में 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। इसके साथ ही बिहार के जिन जिला में 40 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किए गए उन जिला का नाम पटना 41.7, गया 45.01, भागलपुर 40.01, छपरा 42.7, डेहरी 45.6, मोतीहारी 40.8 ,शेखपुरा 43.2, गोपालगंज 42.9, बिक्रमगंज 45.5, जमुई 42.02, बक्सर 45.9 ,भोजपुर 45.9, वैशाली 42.4, औरंगाबाद 45.5, बांका 41.6, नवादा 44.9, राजगीर 44.7, जीरादेई 44.5, अरवल 45.7, मुंगेर 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। इसके साथ ही 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किए गए जिलों के नाम इस प्रकार हैं। पूर्णिया 35.3, वाल्मीकि नगर 37.6, मुजफ्फरपुर 37.4 ,दरभंगा 38.4 ,सुपौल 36.3, फारबिसगंज 35.4 ,मधुबनी 37.8, बेगूसराय 39.01, कटिहार 35.01, अररिया 34.6, पूसा 36.8 और किशनगंज 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए

पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के किशनगंज जिला के एक या दो स्थानो मे हल्की से मध्यम स्तर की बरसात दर्ज की गई, जबकि शेष जिलों का मौसम शुष्क बना रहा। भीषण उष्ण पटना, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा, राजगीर, अरवल एवं मुंगेर में जबकि उष्ण लहर गया एवं जमुई में दर्ज किया गया। दक्षिण बिहार के अधिकांश जिलों का तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आज के मौसम विश्लेषण के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा उप हिमालय पश्चिम बंगाल में ही बनी हुई है। प्रदेश में निचले क्षोभ मंडल में शुष्क पश्चिमी हवा का प्रवाह बना हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को–ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल–मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए–23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य–500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040–29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com